समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Friday, 25 September 2026

# उत्तर भारत के सबसे बड़े गोगामेड़ी मेले का विधिवत शुभारंभ, गोगाजी महाराज की पूजा-अर्चना एवं ध्वजारोहण

Publisher
Published on 11 Aug 2025



सवांददाता

राजेश चौधरी

हनुमानगढ़। उत्तर भारत के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन **गोगामेड़ी मेले** का आज विधिवत शुभारंभ हुआ। गोगाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण के साथ मेले की शुरुआत की गई। इस अवसर पर **जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव**, **जिला पुलिस अधीक्षक श्री हरिशंकर**, देवस्थान विभाग के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन ने मेले के सुचारु संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की है। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से **पेयजल आपूर्ति** और **स्वच्छता व्यवस्था** पर विशेष ध्यान देने के आदेश दिए गए हैं।

गोगामेड़ी मेला हर वर्ष सावन-भाद्रपद के संधिकाल में आयोजित होता है, जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु गोगाजी महाराज के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.